समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Friday, 25 September 2026

# Boeing CEO ने पेरिस एयरशो की ट्रिप की रद्द, एयर इंडिया हादसे के बाद बोले – 'टीम की मदद पर करेगें फोकस'.

Publisher Published on 13 Jun 2025



## एयर इंडिया हादसे के बाद वैश्विक एविएशन इंडस्ट्री मे हंलचल।

गुरुवार को **एयर इंडिया की फ्लाइट AI171** एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गई। **बोइंग 787-8 ड्रीमलाइनर** विमान **अहमदाबाद एयरपोर्ट से 1.5 किलोमीटर दूर क्रैश** हो गया। यह विमान **दिल्ली से अहमदाबाद** होते हुए लंदन गैटविक जा रहा था।

विमान में **GE Aerospace** के इंजन लगे थे, जो अमेरिका की **प्रमुख एयरोस्पेस कंपनी** है। इस हादसे के बाद न केवल भारत में बल्कि वैश्विक विमानन उद्योग में भी संवेदनशीलता बढ़ गई है।

### Boeing CEO और GE डायरेक्टर ने रद्द किए बड़े कार्यक्रम

इस दुखद घटना के बाद **Boeing के CEO केली ऑर्टबर्ग** और **Boeing कमर्शियल एयरप्लेन्स की प्रमुख स्टेफनी पोप** ने 16-20 जून को पेरिस में होने वाले एयरशो में हिस्सा न लेने का फैसला किया है। वहीं **GE Aerospace** के डायरेक्टर ने भी 17 जून को होने वाले **इंवेस्टर डे** को स्थगित कर दिया है।

बोइंग के सीईओ ने अपने कर्मचारियों को भेजे संदेश में कहा, "इस समय हमारा फोकस भारत में हमारी टीम और स्थानीय एजेंसियों की हरसंभव मदद करना है।"

### पेरिस एयरशो मे बंदल सकता है शेड्यूल

पेरिस में होने वाला ले **बॉर्गेट एयरशो एयरोस्पेस सेक्टर** का सबसे बड़ा ट्रेड फेयर माना जाता है। इसमें विमान निर्माता कंपनियां

अपने एयरक्राफ्ट पेश करती हैं और नई डील्स फाइनल की जाती हैं।

हालांकि, इस हादसे के मद्देनज़र अब कुछ **प्रेस कॉन्फ्रेंसं** और घोषणाएं टाली जा सकती हैं, ताकि पीड़ितों के प्रति संवेदना जताई जा सके।

### GE Aerospace का निवेशक दिवस भी स्थगित

**GE Aerospace ने भी 17 जून को होने वाले Investor Day** को स्थगित करने की घोषणा की है। इस कार्यक्रम में कंपनी अपने **फाइनेंशियल अपडेट्स, बिजनेस रणनीति** और **भविष्य की योजनाएं** निवेशकों के साथ साझा करने वाली थी।

कंपनी ने कहा कि वर्तमान समय में वह भारत में अपनी टीम और जांच एजेंसियों को सहयोग देने को प्राथमिकता देगी।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.